हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 18 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। श्री नड्डा ने कहा कि गठबंधन के सभी सहयोगियों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य सभी दलों के साथ तालमेल स्थापित कर उपराष्ट्रपति चुनाव सर्वसम्मति से कराना है। श्री नड्डा ने कहा कि पिछले एक सप्ताह में गठबंधन के सहयोगियों और विपक्षी दलों से इस संबंध में संपर्क किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के इस फैसले का स्वागत किया है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री राधाकृष्णन ने सार्वजनिक सेवा के लम्बे दौर में अपनी विनम्रता, बुद्धिमत्ता और समर्पण से अलग पहचान बनायी है। विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा जनसेवा और समाज के वंचित वर्गों के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री राधाकृष्णन एक सशक्त और प्रेरक उपराष्ट्रपति होंगे। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी श्री राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार मनोनीत किये जाने पर बधाई दी है।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल नरवाना विधानसभा क्षेत्र में 206 करोड़ 32 लाख रुपये लागत की 19 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इन परियोजनाओं में 37 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन और 169 करोड़ 7 लाख रुपये की लागत वाली 12 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने जिन परियोजनाओं के उद्घाटन किये, उनमें धरौदी से नरवाना-इस्मालपुर लिंक रोड, डबलैन से सच्चा खेड़ा लिंक रोड, नरवाना-समैण मार्ग पर रेलवे ऊपर गामी पुल, इस्माइलपुर में नरवाना माइनर से पेयजल पाइपलाइन और जलघर का सुधारीकरण और बिडराना में नहर आधारित जलघर का निर्माण शामिल है।

इसके अलावा सुलहेड़ा गांव में बनी फिरनी और भाणा ब्राह्मण में बने उप स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया गया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिन परियोजनाओं के शिलान्यास किए , उनमें खानपुर से इस्मालपुर लिंक रोड का निर्माण, कर्मगढ़ से गांव लोन लिंक मार्ग का निर्माण, नरवाना हलके की 15 सड़कों की विशेष मरम्मत, नरवाना में अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण शामिल है। इसके अलावा गांव कालवां में दो बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण, धरौडी में पेयजल सप्लाई प्रणाली में सुधार, गढ़ी में नहर आधारित जलघर के निर्माण, वेलरखा में पेयजल सप्लाई मे सुधार और पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया गया।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल नरवाना के विकास के लिए कई घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री ने नरवाना में विकास की गति और तेज करने की घोषणा करते हुए कहा-

1- सी एम-1---24 सेकंड

मुख्यमंत्री ने कहा की अमरगढ़ में 40 लाख रुपए की लागत से पशु अस्पताल का नए भवन का निर्माण इया जाएगा।

उन्होंने नरवाना में नया बस अड्डा और नया नगर पालिका भवन बनाने, दनोदा गांव की सड़क की 5 करोड़ से मरम्मत करवाने, क्लोदा खुर्द में स्टेडियम बनाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों के भवनों का नवीनीकरण किया जाएगा और नरवाना के नागरिक अस्पताल को 50 से 100 बेड के अस्पताल में अपग्रेड किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने नरवाना में नई सब्जी मंडी बनाने, लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के निर्माण के लिए साढ़े 9 करोड़ रुपए देने और नरवाना टोहाना रोड, पुराना हिसार रोड़ पर 60 करोड़ से 2 ओवरब्रिज बनाने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा की 180 किलोमीटर लंबाई की 37 सड़कों को ठीक किया जाएगा और लगभग साढ़े 18 किलोमीटर की 5 सड़कों की मरम्मत की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा -

2- सी एम -2----39 सेकंड

श्री नायब सिंह ने नरवाना विधानसभा के लिए अलग से 5 करोड़ देने और मंडी बोर्ड की सड़कों के मरम्मत के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा भी की।

****